संख्या:480/2021/2385/35-4-2021

प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सुल्तानपुर।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 16 दिसम्बर, 2021

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद-सुल्तानपुर की विधानसभा क्षेत्र-सुल्तानपुर में निम्नलिखित कार्यों की रू. **298.96** लाख (जी0एस0टी0 सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. **298.96** लाख (रूपये दो करोड़ अट्ठानबे लाख छियानबे हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण तथा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लाख रू. में)

	कार्य	लम्बाई (मी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1.	ब्लॉक दूबेपुर के सजईया ग्राम में पिच मार्ग से केदार के घर तक इन्टर लाकिंग निर्माण कार्य।	150	9.66	9.66
2.	ब्लॉक दूबेपुर के ग्राम सभा अहलादादपुर में विजय सिंह के घर से राम पदारथ सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	113	8.31	8.31
3.	ब्लॉथ दूबेपुर के बघराजपुर सौरमऊ देहात में श्रीनाथ वर्मा के घर से रोड तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।	150	10.29	10.29
4.	ब्लॉन दूबेपुर के ग्राम सभा रामनगर कोट में दीपक सिंह के घर के पास से रूद्रपाल सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	180	10.08	10.08
5.	ब्लॉक दूबेपुर ग्राम सभा अहिमाने के विन्ध्यवासिनी नगर में वासुदेव सिंह के घर से आन्नद सिंह के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य।	95	11.78	11.78
6.	ब्लॉक दूबेपुर ग्राम सभा अहिमाने के विन्ध्यवासिनी नगर में संदीप सिंह के घर से वासुदेव सिंह के घर तक सी0सी0 एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	70	9.73	9.73
7.	ब्लॉक दूबेपुर ग्राम सभा दादूपुर में भूपेन्द्र सिंह के मकान से राजकुमार के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	130	7.02	7.02
8.	ब्लॉक दूबेपुर ग्राम सभा रामापुर सोनबरसा तेजई हरिजन के घर से सत्य नरायण द्विवेदी (फौजी) के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	180	10.51	10.51
9.	ब्लॉक दूबेपुर ग्राम सभा लोलेपुर में अरूण शुक्ला के घर से जे 0 पी 0 पाण्डेय के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	135	10.05	10.05
10.	ब्लॉक धनपतगंज के बेनीपुर सम्पर्क मार्ग से अशोक मिश्र के घर तक ग्राम पूरे भोरा मिश्र पो0 मायंग रबरमोल्ड इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	150	9.11	9.11
11.	ब्लॉक धनपतगंज के मनीपुर पटना में नग्गू प्रजापति के घर से कोटेदार के घर तक रबरमोल्ड इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	150	8.21	8.21
12.	ब्लॉक धनपतगंज के चन्द्रीपुर ग्राम में डीगर पाण्ड्ेय के पुरवा मार्ग से कृष्णा देव मिश्र के घर तक रबरमोल्ड इन्टंरलाकिंग निर्माण कार्य।	150	9.34	9.34
13.	ब्लॉक धनपतगंज के भीखरपुर ग्राम में राम अभिलाख यादव के घर से	150	8.51	8.51

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	कार्य	लम्बाई (मी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
	प्राथमिक विद्यालय भीखरपुर तक रबरमोल्ड इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।			
14.	ब्लॉक धनपतगंज के सरैया मझौवा ग्राम सभा में ओम प्रकाश के घर से पंच बहादुर सिंह के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	110	6.38	6.38
15.	ब्लॉक धनपतगंज के प्रतापपुर ग्राम सभा में मठिया बहादुर भोलानाथ निषाद के घर से राम अचल निषाद के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण/नाली निर्माण।	120	9.52	9.52
16.	ब्लॉक धनपतगंज के मठिया बहादुरपुर ग्राम सभा में देवी प्रसाद के दुकान से अरविन्दर कुमार निषाद के घर तक इन्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	50	3.52	3.52
17.	ब्लॉय धनपतगंज के ग्राम सभा धनजई में धमसम माई मंदिर से धनजई ऐनपुर रोड तक रबरमोल्ड इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	170	9.59	9.59
18.	ब्लॉक कूरेभार के सुदनापुर में काली मॉ के चौरा से राम सुमरन वर्मा के ट्यूबल तक इन्टरलाकिंग कार्य।	170	9.47	9.47
19.	ब्लॉक कूरेभार के पुरखीपुर ग्राम सभा में इछुरी सागर के सामने से इछुरी गांव में इन्टरलाकिंग कार्य।	170	8.64	8.64
20.	ब्लॉक कूरेभार के इटकौली सिरवारा मार्ग से अनुसूचित बस्ती तक इन्टरलाकिंग कार्य।	170	9.02	9.02
21.	ब्लॉक कूरेभार के ग्राम सभा वल्लीपुर में गोमती नगर पश्चिम में मेन रोड़ से मन्दिर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	70	8.29	8.29
22.	ब्लॉक कूरेभार के ग्राम सभा वल्लीपुर में डॉ0ए0के0 सिंह के मकान से पश्चिम छोर से सर्वेश मिश्रा के मकान होते हुए मेन रोड तक सी0सी0 तथा नाली निर्माण कार्य।	100	9.74	9.74
23.	ब्लॉक कूरेभार के कनौली ग्राम सभा में प्रधान मंत्री सड़क (दुर्गा मंदिर) से हुबलाल के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य।	170	9.39	9.39
24.	ब्लॉक कूरेभार के ग्रामसभा सैफुल्लागंज में कादीपुर मेन रोड से असाढा के शती चौरा तक इन्टरलाकिंग कार्य।	170	9.02	9.02
25.	नगर क्षेत्र के लक्ष्मणपुर नगर में प्रयागराज सुलतानपुर मार्ग से एच0एन0 द्विवेदी के घर तक सी0सी0 एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	110	9.74	9.74
26.	नगर क्षेत्र के लक्ष्मणपुर नगर में हरिसिंह के मकान से तारकेश्वरर सिंह के घर तक सी0सी0 एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	55	5.52	5.52
27.	नगर क्षेत्र के सौरमऊ क्षेत्र में विनोद मिश्रा के घर से अनुसूचित बस्ती तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	242	13.79	13.79
28.	नगर क्षेत्र के निराला नगर में सुधीर तिवारी के घर से बी 00 के 0 दूबे के घर तक सी0सी0 रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	130	11.81	11.81
29.	नगर क्षेत्र के निराला नगर में संतोष पाण्डेय के घर से मोतीलाल के घर तक सी0सी0 रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	150	13.19	13.19
30.	नगर क्षेत्र के निराला नगर में रेवतीरमण तिवारी के घर से राघवराम के घर तक सी0सी0 रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	100	9.53	9.53
31.	नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर में राणा प्रताप सिंह के घर से रम्मन श्रीवास्तव के घर तक सी0सी0 रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	65	5.37	5.37
32.	नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर में हरीनाथ सिंह के घर से मौर्या पेशकार के घर तक सी0सी0 रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	71	5.42	5.42
33.	नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर में रामजी मिश्रा के घर से सुशील त्रिपाठी के घर तक सी0सी0 रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	105	9.41	9.41
	योगः	**4301**	**298.96**	**298.96**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
3. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी।
4. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. कार्यों का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्यों के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार एवं मार्ग की लम्बाई में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियॉ इस्तेमाल करना इत्यादि, सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
6. कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
7. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
8. त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर,2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
9. प्रश्नगत कार्यो के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
10. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।
11. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या- 1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
12. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्यों हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
13. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
14. परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
15. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
16. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च,2022 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2022 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2022 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
17. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

जून,2022 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

18. कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
19. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
20. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
21. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
22. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।
23. प्रयोजनान्तर्गत 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 अनुमन्य कर दी गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।
24. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
25. कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त की जायेगी वह 02 माह की आवश्यकता के अनुसार होनी चाहिए। कार्यदायी संस्था को पूर्व में दी गई धनराशि के 75 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले 02 माह के लिए पुनः आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जायेगी एवं वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उपर्युक्त कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0301-ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों के लिये एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-5-2867/दस-2021-2022, दिनांकः 15 दिसम्बर, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

संख्या:480/2021/2385(1)/35-4-2021 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, अयोध्या मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सुल्तानपुर।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

9- मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सुल्तानपुर।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुल्तानपुर।
13- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सुल्तानपुर।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।